# Hindi Sample Paper - 6

SECTION-IA : हिन्दी

1. **जो भाववाचक संज्ञा नहीं है उसका चयन कर के रिक्त स्थान भरें-**
**निम्न में से ........... भाववाचक संज्ञा नहीं है।**
(a) करुणा (b) पढ़ाई
(c) सुंदरता (d) अमीरी

2. **भाषा लिखने के लिए प्रयुक्त चिह्नों के व्यवस्थित रूप को क्या कहते हैं?**
(a) बोली (b) भाषा
(c) लिपि (d) व्याकरण

3. **नीचे दिए गए शब्दों में से सही शब्द पहचानिए।**
(a) तयोहार (b) त्योहार
(c) त्यौहर (d) त्योहर

4. **दिए शब्दों में से नित्य एकवचन में प्रयोग होने वाला कौन-सा शब्द नहीं है?**
(a) जनता (b) पानी
(c) हस्ताक्षर (d) आकाश

5. **वर्ष 1982 में इनमें से किसे ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है?**
(a) जयशंकर प्रसाद
(b) महादेवी वर्मा
(c) बंकिमचंद्र चटर्जी
(d) इनमें से किसी को नहीं

6. **'साकार' का विपरीत शब्द दिए हुए विकल्पों में से कौन-सा है?**
(a) आकार (b) विकार
(c) निराकार (d) प्रकार

7. **रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करें-**
**........... और ........... दोनों शब्दांश हैं, जिन्हें मूल शब्दों में जोड़कर नए शब्दों का निर्माण किया जाता है।**
(a) सन्धि, समास
(b) उपसर्ग, प्रत्यय
(c) संज्ञा, विशेषण
(d) क्रिया, समास

8. **'पंक्ति' शब्द का वचन बदल कर लिखिए।**
(a) पंक्तियों (b) पंक्तिआँ
(c) पंक्तीयाँ (d) पंक्तियाँ

9. **'कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय ये खाए बौरात हैं वे पाए बौराय।' यहाँ कौन-सा अलंकार प्रयोग हुआ है?**
(a) उपमा (b) श्लेष
(c) अनुप्रास (d) यमक

10. **दिए गए विकल्पों में से 'बादल' का समानार्थी शब्द कौन-सा विकल्प है?**
(a) अंबुज (b) नीरज
(c) जलज (d) अंबुद

11. **जिस कृति के लिए कवि नागार्जुन को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला, वह किस भाषा में रचित है?**
(a) मैथिली (b) संस्कृत
(c) हिन्दी (d) प्राकृत

12. **नीचे दिए शब्दों में से कौन-सा गुणवाचक का उदाहरण नहीं है?**
(a) ऐतिहासिक
(b) पाश्चात्य
(c) प्रभावशाली
(d) बहुत लम्बी रस्सी

13. **क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में क्रिया के होने का संदेह हो, वह क्रिया का सन्दर्भ क्या कहलाता है?**
(a) संभाव्य भविष्यत्
(b) संदिग्ध भूत
(c) संदिग्ध वर्तमान
(d) अपूर्ण वर्तमान

14. **'जबरदस्ती चिपका हुआ' इसके अर्थ को दर्शाता सही मुहावरा दिए हुए विकल्पों में से कौन-सा है?**
(a) नाकों चने चबाना
(b) गले पड़ना
(c) नाक में नकेल डालना
(d) गले का ढोल

15. **निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा उपमा अलंकार का भेद नहीं है?**
(a) लक्षण (b) वाचक
(c) उपमान (d) साधारण धर्म

16. **'कादम्बरी' किस लेखक की रचना है?**
(a) भवभूति (b) बाणभट्ट
(c) विद्यापति (d) कबीर

17. **'नाव' का समानार्थी शब्द निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा नहीं है?**
(a) तरी (b) नौका
(c) डोंगी (d) तरुणी

18. **निम्न शब्दों में से पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?**
(a) राशि (b) विधि
(c) जाति (d) शशि

19. **'चाँदनी' का समानार्थी निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?**
(a) चमक (b) ज्योत्स्ना
(c) रोशनी (d) बिजली

20. **'अचानक घबरा जाना' अर्थ के लिए निम्नलिखित में से उचित मुहावरा कौन-सा विकल्प है?**
(a) भीगी बिल्ली बनना
(b) अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना
(c) हक्का-बक्का रह जाना
(d) हाथों के तोते उड़ना

21. **लोकोक्ति अपने आप में पूरा वाक्य होती है जबकि मुहावरा होता है .....।**
(a) पूर्ण इकाई
(b) वाक्यांश
(c) परंपरागत कथन
(d) अर्थ विशेष

22. **व्याकरण का वह विभाग, जिसमें शब्द के भेद, रूप, बनावट आदि का वर्णन होता है, वह क्या कहलाता है?**
(a) वाक्य विचार
(b) वर्ण विचार
(c) भाषा विचार
(d) शब्द विचार

23. **समास विग्रह और उनके भेद की जानकारी दे रहे प्रस्तुत वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्पों का चयन करें:**
**'देशभक्ति' का समास विग्रह है ..... ......... और समास विग्रह का भेद है ........... ।**
(a) देश के लिए भक्ति, सम्प्रदान तत्पुरुष
(b) देश की भक्ति, संबंध तत्पुरुष
(c) देश पर भक्ति, अधिकरण तत्पुरुष
(d) देश से भक्ति, करण तत्पुरुष

24. **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'बहू' का बहुवचन दर्शाता है?**
(a) बहुएँ (b) बहूजन
(c) बहुयें (d) बहूएँ

25. **'एकाकिनी' : शब्द का लिंग बदलें।**
(a) एक (b) एकाकिनी
(c) एकाकिन (d) एकाकी

26. **'मैं आप पर श्रद्धा करती हूँ।' प्रस्तुत वाक्य में त्रुटि है, जिसका शुद्ध रूप कोई एक विकल्प में है, वह विकल्प कौन-सा है?**
(a) मैं आपमें श्रद्धा करती हूँ।
(b) मैं आपकी श्रद्धा रखती हूँ।
(c) मैं आपको श्रद्धा करती हूँ।
(d) मैं आपके प्रति श्रद्धा रखती हूँ।

27. **'वह, तुम और हम बाजार जाएँगे' वाक्य को शुद्ध कीजिए।**
(a) वह, तुम और हम बाजार जाएँगे।
(b) हम, तुम और वह बाजार जाएँगे।
(c) वह, हम और तुम बाजार जाएँगे।
(d) तुम, वह और हम बाजार जाएँगे।

28. **'पद्मावत महाकाव्य' कौन-सी भाषा में लिखा है?**
(a) राजस्थानी (b) अवधी
(c) ब्रज (d) खड़ी बोली

29. **रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करें:**
**हम जिनसे कुछ रखते ......... हैं, वह हमारी ............ करते हैं।**
(a) अपेक्षा, उपेक्षा
(b) चिन्ता, सहायता
(c) उम्मीद, मदद
(d) अपकार, उपकार

30. **जहाँ एक शब्द अनेक अर्थों में प्रयुक्त होता है, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?**
(a) यमक (b) श्लेष
(c) शब्दश्लेष (d) अर्थश्लेष

31. **प्रश्न-पत्र में कुछ प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त लिखने होते हैं तो कुछ ............ से। दिए हुए में से उचित विकल्प का चयन करके प्रस्तुत वाक्य पूर्ण कीजिए।**
(a) विस्तार (b) विस्तृत
(c) लघु (d) दीर्घ

32. **'कंगाली में आटा गीला' प्रस्तुत लोकोक्ति का अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प दर्शाता है?**
(a) मुसीबत में और मुसीबत आना।
(b) बुरे के साथ रहने से बुराई ही मिलती है।
(c) गरीबी में और मुसीबत आना।
(d) एक तो दोष था, दूसरा और लग गया।

33. **''यह देखिए, अरविन्द- से शिशु वृन्द कैसे सो रहे।'' प्रस्तुत वाक्य में कौन-सा अलंकार है?**
(a) व्यतिरेक (b) अन्योक्ति
(c) लुप्तोपमा (d) पूर्णोपमा

**निर्देश- (34 से 36) - नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िये तथा संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

भाषा का प्रश्न अत्यंत संवेदनशील है, अतएव इस पर बड़ी समझबूझ, सहानुभूति और धैर्य से विचार करना आवश्यक है। इस संबंध में जो भी समाधान ढूँढ़ा जाये, उससे यह आभास नहीं होना चाहिए कि एक भाषाई गुट की विजय हुई है और दूसरे की पराजय। कोई भी सर्वमान्य हल निश्चय ही उस भारतीय राष्ट्रीयता की विजय का द्योतक होगा जिसने अतीत में समय-समय पर अपनी शक्ति प्रदर्शित की है। हमने राष्ट्रीयता तो प्राप्त कर ली है, एक राष्ट्रीय पताका भी अपना लिया है, परन्तु हम देश की एक संपर्क भाषा, संघ की राजभाषा अपनाने के अपने अभीष्ट लक्ष्य पर अभी तक नहीं पहुँच पाए हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की जी तोड़ कोशिश करनी होगी। ऐसे मामलों में जल्दबाजी आत्मघाती है, क्योंकि उससे अनेक समस्याएँ खड़ी हो जाती हैं, खास तौर पर लोगों के मन में संदेह और अविश्वास उत्पन्न हो जाता है और ये दोनों ही राष्ट्रीय एकता के कट्टर दुश्मन हैं।

34. **इस गद्यांश का शीर्षक क्या है?**
(a) भाषा विवाद और राष्ट्रीय एकता
(b) हिन्दी का महत्व
(c) राष्ट्रभाषा की तलाश
(d) राष्ट्रभाषा हिन्दी

35. **भाषा के प्रश्न को हल करने के लिए किस गुण की आवश्यकता है?**
(a) विवेक, धैर्य और सहानुभूति
(b) राजनीतिक चातुर्य
(c) प्रशासनिक दक्षता
(d) साम्प्रदायिक सद्भावना

36. **उपर्युक्त गद्यांश का मूल तथ्य क्या है?**
(a) भाषा के प्रश्न को राष्ट्रीय एकता के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए।
(b) राजभाषा के सर्वसम्मत हल के बिना राष्ट्रीय एकता संभव नहीं है।
(c) भाषा का विवाद एक गंभीर समस्या है।
(d) भारतीय राष्ट्रीयता क्षेत्रीय स्वार्थों पर विजय प्राप्त कर लेना है।

37. **हिन्दी भारत की कौन-सी भाषा है?**
(a) ब्रजभाषा (b) राज्यभाषा
(c) सम्पर्क भाषा (d) राष्ट्रभाषा

38. **'मैंने मेरे को सुधार लिया है।' वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?**
(a) कारक (b) लिंग
(c) वचन (d) सर्वनाम

39. **'यह कहानी रोचक है।' 'यह' विशेषण का कौन-सा भेद है?**
(a) निश्चित संख्यावाचक
(b) गुणवाचक
(c) संकेतवाचक
(d) सार्वनामिक

40. **रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें-**
**'इंडोनेशिया में एक बार फिर ज्वालामुखी ने ........... बरपाया है।'**
(a) तहलका (b) कहर
(c) रूप (d) क्रोध

41. **'कृति' शब्द का निर्माण किस प्रत्यय के योग से हुआ है?**
(a) क्त
(b) क्तिन
(c) तव्य
(d) इनमें से कोई नहीं

42. **''राग है कि, रूप है कि**
**रस है कि, जस है कि**
**तन है कि, मन है कि**
**प्राण है कि, प्यारी है''**
**उपरोक्त पंक्तियों में रस है-**
(a) शृंगार (b) वात्सल्य
(c) अद्भुत (d) शान्त

43. **'धंनजय' में समास है-**
(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुब्रीहि (d) अव्ययीभाव

44. **'पवन' शब्द में कौन सी संधि है?**
(a) गुण संधि (b) यण संधि
(c) अयादि संधि (d) वृद्धि संधि

45. **आपका घर जिस शहर में है, उस शहर का नाम संज्ञा का कौन-सा भेद सूचित करता है?**

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक

(c) समूहवाचक (d) भाववाचक

46. **सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं?**

(a) पाँच (b) छः

(c) सात (d) आठ

**निर्देश ( 47-48 ): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

वर्तमान मेरे लिए और मुझ जैसे बहुत से और लोगों के लिए मध्ययुगीनता, भयंकर गरीबी एवं दुर्गति और मध्य वर्ग की कुछ-कुछ सतही आधुनिकता का विचित्र मिश्रण है। मैं अपने वर्ग और अपनी किस्म के लोगों का प्रशंसक नहीं था फिर भी भारतीय संघर्ष में नेतृत्व के लिए मैं निश्चित रूप से मध्य वर्ग की ओर देखता था। यह मध्य वर्ग स्वयं को बंदी और सीमाओं में जकड़ा हुआ महसूस करता था और खुद तरक्की और विकास करना चाहता था। अंग्रेजी शासन के ढ़ाँचे के भीतर ऐसा न कर पाने के कारण उसके भीतर विद्रोह की चेतना पनपी लेकिन यह चेतना उस ढँाचे के खिलाफ नहीं जाती थी, जिसने हमें रौंद दिया था। यह उस ढ़ाँचे को बनाए रखना चाहते थे और अग्रेंजों को हटाकर उसका संचालन करना चाहते थे। ये मध्य वर्ग के लोग इस हद तक इस ढ़ाँचे की पैदाइश थे, कि उसे चुनौती देना या उसे उखाड़ फेंकने का प्रयास करना इनके बस की बात नहीं थी।

47. **मध्य वर्ग में विद्रोही चेतना का कारण था–**

(a) मध्य वर्ग साम्राज्यवाद विरोधी था

(b) मध्य वर्ग राष्ट्रवादी था

(c) मध्य वर्ग अंग्रेजों को विस्थापित करके शासन संचालन चाहता था

(d) उपरोक्त सभी

48. **लेखक किस वर्ग से सम्बन्धित है?**

(a) सामन्त वर्ग

(b) मध्य वर्ग

(c) निम्न वर्ग

(d) इनमें से कोई नहीं

49. **निम्न में से कौन-सा सामाजिक वर्ग ब्रिटिश शासन प्रणाली की उपज थी?**

(a) उच्च वर्ग (b) सामन्त वर्ग

(c) किसान (d) मध्य वर्ग

50. **गद्यांश में आए भारतीय संघर्ष का सन्दर्भ है–**

(a) भारत का स्वतन्त्रता संघर्ष

(b) चीन के विरुद्ध संघर्ष

(c) पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष

(d) महाशक्तियों के विरुद्ध संघर्ष

# Answers with Explanations

## SECTION-IA : हिन्दी

1. (*) दिए गए विकल्पों में सभी भाववाचक संज्ञा हैं। 'पढ़ना' क्रिया से 'पढ़ाई' भाववाचक संज्ञा शब्द बना है।

2. (c) भाषा लिखने के लिए प्रयुक्त चिह्नों के व्यवस्थित रूप को लिपि कहते हैं।

3. (b)

4. (c) पानी, भीड़, लोहा, दूध, पीतल, सोना, चाँदी, जनता, इत्यादि नित्य एकवचन में प्रयोग होने वाले शब्द हैं, जबकि आँसू, हस्ताक्षर, लोग, समाचार आदि नित्य बहुवचन में प्रयोग होने वाले शब्द हैं।

5. (b) महादेवी वर्मा को उनकी कृति 'यामा' के लिए वर्ष 1982 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

6. (c) 'साकार' का विपरीतार्थक शब्द 'निराकार' होता है।

7. (b) उपसर्ग और प्रत्यय दोनों शब्दांश हैं, जिन्हें मूल शब्दों में जोड़कर नए शब्दों का निर्माण किया जाता है। उपसर्ग, शब्द के पहले तथा प्रत्यय, शब्द के बाद लगते हैं।

8. (d)

9. (d) जब किसी काव्य पंक्ति में कोई शब्द बार-बार आए और प्रत्येक बार उसका अर्थ अलग हो, वहाँ यमक अलंकार होता है। प्रस्तुत पंक्तियों में पहले 'कनक' का अर्थ 'धतूरा' तथा दूसरे 'कनक' का अर्थ 'सोना' (स्वर्ण) है।

10. (d)

11. (a) नागार्जुन को 'पत्रहीन नग्न गाछ' मैथिली कविता संग्रह के लिए वर्ष 1968 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

12. (d)

13. (c) क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में क्रिया के होने का संदेह हो, वह संदिग्ध वर्तमान कहलाता है।

14. (b)

15. (a) उपमा अलंकार के चार अंग हैं- उपमेय, उपमान, वाचक शब्द तथा साधारण धर्म।

16. (b) 'कादम्बरी' के लेखक बाणभट्ट हैं।

17. (d) 'तरुणी' युवती का समानार्थी है तथा शेष विकल्प नाव के समानार्थी हैं।

18. (d) 'शशि' पुल्लिंग शब्द है।

19. (d) बिजली, विद्युत का समानार्थी हैं तथा शेष विकल्प चाँदनी के समानार्थी हैं।

20. (d)

21. (b) लोकोक्ति अपने आप में पूरा वाक्य होती है, जबकि मुहावरा वाक्यांश होता है।

22. (d) व्याकरण का वह विभाग, जिसमें शब्द के भेद, रूप, बनावट आदि का वर्णन होता है, वह शब्द विचार कहलाता है।

23. (a) 'देशभक्ति' का समास विग्रह है 'देश के लिए भक्ति, और समास विग्रह का भेद है सम्प्रदान तत्पुरुष।

24. (a) 25. (d) 26. (d) 27. (b)

28. (b) मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा रचित पद्मावत अवधी भाषा में लिखा गया है। इसकी रचना उन्होंने 1540 ई. में की थी। इसमें चित्तौड़ के राजा रतन सेन तथा सिंहलद्वीप की राजकुमारी पद्मावती के जीवन का चित्रण किया गया है।

29. (a) हम जिनसे कुछ रखते अपेक्षा हैं, वह हमारी उपेक्षा करते हैं।

30. (b) जहाँ किसी पंक्ति में एक शब्द एक बार प्रयुक्त होकर अनेक अर्थो का बोध कराए वहाँ श्लेष अलंकार होता है।

31. (a) 32. (a)

33. (c) प्रस्तुत वाक्य में लुप्तोपमा अलंकार है।

34. (a) प्रस्तुत गद्यांश का शीर्षक 'भाषा विवाद और राष्ट्रीय एकता' है।

35. (a) भाषा के प्रश्न को हल करने के लिए विवेक, धैर्य और सहानुभूति की आवश्यकता होती है।

36. (c) उपर्युक्त गद्यांश का मूल तथ्य है- भाषा का विवाद एक गंभीर समस्या है।

37. (c) हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा है, जो देश के विभिन्न भाषा-भाषी व्यक्तियों के लिए सम्पर्क का माध्यम है।

38. (d) इस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम संबंधी त्रुटि है।

39. (d) 'यह कहानी रोचक है।' इस वाक्य में 'यह' सार्वनामिक विशेषण है।

40. (b)

41. (b) (स्त्रियां क्तिन्) धातुओं से क्तिन् प्रत्यय होता है। क्तिन् का 'ति' शेष रहता है। 'ति' प्रत्यायान्त शब्द स्त्रीलिंग ही होते हैं। इनसे भाववाचक संज्ञा बनती है। जैसे-कृ > कृतिः, धृतिः, भूतिः।

42. (c) आश्चर्यजनक वर्णन से उत्पन्न विस्मय भाव की परिपक्वावस्था को अद्‌भुत रस कहते हैं।

43. (c) धंनजय में बहुब्रीहि समास है। इसका समास विग्रह 'धन को जय करने वाला अर्थात् अर्जुन है बहुब्रीहि समास में दोनों पद किसी अन्य अर्थ को व्यक्त करते हैं और वे किसी अन्य संज्ञा के विशेषण की भाँति कार्य करते हैं।

44. (c) 'पवन' में अयादि स्वर संधि है क्योंकि इनमें यदि ए, ऐ, ओ, औ के पश्चात् इन्हें छोड़कर कोई भिन्न स्वर आये तो इनका परिवर्तन क्रमशः-अय्, आय्, अव्, आव् में परिवर्तित हो जाते हैं, जैसे-पो + अन पवन तथा चे + अन = चयन आदि।

45. (a) जिस संज्ञा से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी आदि का बोध होता है उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जिस संज्ञा से एक प्रकार के अनेक वस्तुओं, व्यक्तियों, प्राणियों आदि का बोध हो, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जिस संज्ञा से किसी भाव गुण, क्रिया तथा दशा आदि का बोध हो, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। प्रश्नानुसार शहर का नाम संज्ञा का व्यक्तिवाचक भेद सूचित करता है।

46. (b) सर्वनाम छः प्रकार के होते हैं।

1. पुरुष वाचक 2. निज वाचक 3. निश्चय वाचक 4. अनिश्चय वाचक 5. प्रश्न वाचक 6. सम्बन्ध वाचक

47. (c) मध्य वर्ग स्वयं को अंग्रेजों से जकड़ा हुआ महसूस करता था इसीलिए यह वर्ग उन्हें उखाड़ फेंककर स्वयं शासन संचालन करना चाहता था। यही मध्य वर्ग में विद्रोही चेतना का प्रमुख कारण था।

48. (b) अनुच्छेद में उक्त कथन कि 'फिर भी मैं निश्चित रूप से मध्य वर्ग की ओर देखता था।'' से स्पष्ट है, कि लेखक मध्य वर्ग से सम्बन्धित है।

49. (d) मध्य वर्ग ब्रिटिश शासन प्रणाली की उपज थी।

50. (a) गद्यांश में आए भारतीय संघर्ष का सन्दर्भ भारत के स्वतन्त्रता संग्राम (संघर्ष) से है।